nandgaon times jan-31-4.qxd 1/30/2025 11:56 PM Page 1

आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र... पृष्ठ 2 | अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 31 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 108, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# महाकुंभ मेले में फिर लगी आग : कई पंडाल जलकर खाक

## फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू, किसी भी तरह की जनहानि नहीं



**प्रयागराज।** महाकुंभ में गुरुवार, 30 जनवरी को आग लग गई। हालांकि, समय रहते इस आग पर फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पा लिया। इसमें किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रयागराज महाकुंभ मेले में एक बार फिर आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आग को पूरी तरह से बुझा लिया गाय है। इसमें किसी तरह की जनहानि या कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। यह घटना मेले के सेक्टर-22 में हुई। बताया जा रहा है कि आग में कई पंडाल जलकर खाक हो गई। इसकी सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। राहत की बात यह है कि जिस स्थान पर आग लगी, वहां कोई श्रद्धालु मौजूद नहीं था। इससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। महाकुंभ क्षेत्र में यह पहली आग की घटना नहीं है। इससे पहले 19 जनवरी को भी सेक्टर-19 में आग लगी थी, जिसमें गीता प्रेस के 180 पंडाल जलकर राख हो गए थे। उस घटना में आग गैस रिसाव के कारण लगी थी। गीता प्रेस के कैंप में चाय बनाने के दौरान छोटे गैस सिलेंडर से लीकेज हुआ, जिससे आग भड़क उठी। इस आग में दो सिलेंडर भी फट गए थे। हालांकि, इस घटना में भी किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं। अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। अभी तक आग के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जांच जारी है। लगातार आग लगने की घटनाओं से महाकुंभ मेले में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में भाग ले रहे हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने का आश्वासन दिया है।



महाकुंभ प्रशासन ने आग लगने की इन घटनाओं की जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र शहरवासियों को लुभा रहा, महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार को जिताने घोषणा पत्र ही काफी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आम आदमी पार्टी ने नगर निगम चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस भाजपा पत्र जारी करने में पीछे रह गई है। महापौर पद के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कमलेश स्वर्णकार ने नामांकन भी पहले ही भर दिया था। अपने घोषणा पत्र जारी करने में भी आम आदमी पार्टी अवल रही है। पार्टी का घोषणा पत्र शहर के सभी 51 वार्ड की जनता को लुभाने लगी है। वही प्रचार-प्रसार के लिए श्री स्वर्णकार के साथ बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जुड़ने लगे हैं। इस तरह समझ आने लगा है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है।

आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने घोषणा पत्र को लेकर कहा जनता के लिए समर्पित, विकास के लिए प्रतिबद्ध मैं आप सभी के सहयोग और समर्थन से राजनांदगांव नगर निगम महापौर पद हेतु चुनाव में खड़ा हो रहा हूँ। मेरा उद्देश्य नगर के प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना और एक स्वच्छ, सुंदर, तथा विकसित शहर का निर्माण करना है। मैं निम्नलिखित वादों के साथ आपके सामने उपस्थित हूँ। निगम क्षेत्र में जिन गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार ने अपनी गाढ़ी कमाई और मेहनत से स्वयं का किसी तरह मकान बना लिया है। ऐसे लोगों को भी काफी परेशान कर संपत्ति कर वसूला जा रहा है। मेरे महापौर बनने पर संपत्ति कर में विशेष छूट प्रदान करूंगा, जिससे गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार को पूरी राहत मिले। करों में राहत और पारदर्शिता,ए हाऊस टैक्स एवं अन्य नगर निगम करों को 50 प्रतिशत तक कम करने का प्रयास, ऑनलाइन बिल भुगतान और पारदर्शी टैक्स सिस्टम लागू करना, नल बिल और बिजली बिल के आसान एक्सचेंज एवं समायोजन की सुविधा, मॉडल वार्ड योजना, प्रत्येक



वार्ड को एक मॉडल वार्ड में विकसित किया जाएगा, जिसमें पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता अभियान और जल प्रबंधन जैसी सुविधाएँ होंगी। महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों का निर्माण, ,हर वार्ड में स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ नगर, स्वस्थ नगर अभियान के तहत कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग, प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए सख्त नियम और जागरूकता अभियान, नगर में अधिक से अधिक हरियाली बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण अभियान, जल आपूर्ति और सीवरेज व्यवस्था में सुधार, आपूर्ति सुनिश्चित करना, पुराने जल पाइपलाइन को बदलकर लीकेज मुक्त आपूर्ति प्रणाली, जलभराव की समस्या के समाधान हेतु नई ड्रेनेज प्रणाली लागू करना, रोजगार और व्यवसाय को बढ़ावा, स्थानीय युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करना, छोटे व्यापारियों को नगर निगम से विशेष आर्थिक सहायता, नगर में नए उद्योगों को आकर्षित करने के लिए निवेश योजनाएं, डिजिटल और स्मार्ट नगर निगम, स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत डिजिटल सेवाओं का विस्तार, नगर निगम की शिकायत निवारण प्रणाली को आनलाइन और प्रभावी बनाना, प्रत्येक नागरिक को आसान और त्वरित सेवाएं देने हेतु मोबाइल एप्लिकेशन, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, नगर निगम स्कूलों का आधुनिकीकरण और शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा और 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए विशेष योजनाएँ। मैं वचन देता हूँ कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूँगा और नगर के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा। आइए, मिलकर संस्कारधानी राजनांदगांव को एक आदर्श शहर बनाएं।

# यमुना में जहर वाले बयान को लेकर केजरीवाल पर बरसे जेपी नड्डा बोले- 8500 करोड़ केंद्र ने दिए फिर भी सार्थक काम नहीं हुआ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा पर यमुना के पानी को जहरीला बनाने का आरोप लगाया। उनके इस दावे के विरोध में भाजपा तथ्यों के जरिए आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोल रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आंकड़ों की जुबानी ये बताने की कोशिश की है कि आप सरकार गलत बयानी कर रही है।



जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, यमुना प्रदूषण पर 'आप-दा' का आरोप-प्रत्यारोप उनकी अक्षमता और विफल शासन व्यवस्था को उजागर करता है। 10 साल से अधिक समय से अरविंद केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार, झूठ और खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं किया है। केंद्र सरकार से 8,500 करोड़ रुपये मिलने के बावजूद नदी की सफाई के लिए कोई सार्थक काम नहीं हुआ है। एक इंफोग्राफिक शेयर करते हुए उन्होंने आगे लिखा, 'इन्फोइंडाटा' के इन्फोग्राफिक से पता चलता है कि दिल्ली में यमुना के प्रवेश करते ही प्रदूषण कैसे बढ़ जाता है। जिम्मेदारी लेने के बजाय आप-दा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों में डर फैलाना शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल को अपने बयान के लिए हरियाणा और दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली को दिए जा रहे यमुना के पानी में जहर मिला दिया है। उन्होंने कहा था कि अगर दिल्ली जल बोर्ड ने जहर नहीं पकड़ा होता, तो सामूहिक नरसंहार हो सकता था। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, भूपेंद्र यादव और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि वे आप नेता से अपने आरोप वापस लेने और लोगों में दहशत पैदा करने के लिए माफी मांगने को कहें।

# लोहाणा महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय श्री जलाराम चरित्र कथा का आयोजन...



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री लोहाणा महिला मंडल राजनांदगांव द्वारा दिनांक 29 से 31 जनवरी तक पहली बार वीरपुर धाम लोहाणा महाजन वाड़ी में संत शिरोमणि पूज्य श्री जलाराम बापा चरित्र कथा का आयोजन किया जा रहा है, कथाकार लंदन निवासी श्री पीयूष भाई मेहता अपनी सुमधुर वाणी में चरित्र कथा का रसपान करा रहे हैं, इस अवसर पर प्रतिदिन लोहाणा समाज की पूरी उपस्थिति रहती है,दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक पूरा प्रांगण वीरपुरमय रंग में रम जाता है, कथा के पश्चात भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई है, प्रथम बार आयोजित इस कथा को श्रवण करने राजनांदगांव के अलावा दुर्ग, भिलाई,दल्ली राजहरा, धमतरी, महासमुन्द, रायपुर, भोपाल, कांटाभाजी, ओडिशा से भी लोहाणा समाज के अनेक भक्त पधारे हैं। महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीता बेन रायचा, सचिव दिव्या बेन नगदिया के साथ मंडल के सदस्य, सभी पदाधिकारी द्वारा पूरी तैयारी की गई है, शीला बेन जोबनपुत्रा, अलका बेन रायचा,रूपल बेन बुद्धदेव, लेखा बेन चतवानी, रीटा बेन पुजारा ,हीना बेन रायचा, रश्मि बेन रायचा मधु बेन काथरानी, गीता बेन गणात्रा, संगीता बेन साहिता, धर्मिष्ठा बेन कोठारी के साथ सभी संरक्षकगण, सलाह कारगण, सांस्कृतिक प्रभारी, प्रचार प्रसार प्रभारी के साथ सभी लोग कथा के दौरान पूरे समय उपस्थित रहकर तैयारी कर रहे हैं। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता,योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# नेता नहीं बेटा बनकर करूंगा सेवा - निखिल

## कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने किया वार्ड क्रमांक 7 8 3 और 2 में किया जनसम्पर्क , माँगा आशीर्वाद



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने गुरूवार को वार्डों में निरंतर जनसम्पर्क कर जनता से आशीर्वाद माँगा । इस दौरान निखिल ने कहा कि मतदाताओं से कहा की आपका एक वोट शहर और वार्ड के भविष्य को नया स्वरूप प्रदान करेगा । इसलिए, 11 फरवरी को मतदान केंद्र पर जाएं और अपने अधिकार का सही उपयोग करें और कांग्रेस को वोट करें । निखिल ने कहा कि कांग्रेस के विजयी होने पर शहर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूँगा। बेटा भाई की तरह आपकी सेवा में हर पल हर क्षण आप सब मुझे अपने करीब पाएंगे । राजनांदगांव मेरी कर्म भूमि है यहाँ के दुख और सुख को मै अच्छी तरह समझता हूँ शहर के विकास के लिए कभी पीछे नहीं हटूँगा। राजनांदगांव के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ,राजनांदगांव के विकास के लिए राजनांदगांव को मज़बूत शिक्षित और सक्षम बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी प्रत्याशियों को पंजा छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। जनसंपर्क के दौरान मुख रूप से पूर्व महापौर हेमा देशमुख, सुदेश देशमुख , ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली , पार्षद प्रत्याशी सुरेंद्र देवांगन, पार्षद प्रत्याशी शैलेश थावरे, पार्षद प्रत्याशी कु रीतिका बांजरे, पार्षद प्रत्याशी किसन



सिन्हा, मधुकर बांजरे, अजय छेदैया, राकेश देवांगन,चेतन सिन्हा ,राहुल देवांगन ,सुधा गेदाम , मानवेन्द्र चकरवर्ती , शिवम गड़पायले,विकास सागर,सहित बढ़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# अंबाला में बसपा नेता हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**अंबाला।** अंबाला के नारायणगढ़ में हाल ही में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी सागर को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुठभेड़ अंबाला के एम. महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के पास हुई। सागर का शव छावनी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस के 2 से 3 जवान भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि हाल ही में नारायणगढ़ इलाके में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, उनके दो साथी घायल हुए थे। हत्या की जिम्मेदारी इनामी बदमाश वेंकट गर्ग ने ली थी। वेंकट पर दो लाख रुपये का इनाम है। गर्ग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसे यह भी धमकी दी थी कि जो भी उसके खिलाफ जाएगा।

# चंपू को जनसंपर्क के दौरान मिल रहा भारी जनसमर्थन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिक निगम के महापौर पद प्रत्याशी एवं वार्ड नंबर 47 के निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी राजेश गुप्ता चंपू ने आज अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत वार्ड नंबर 47 स्थित बांसपाई पारा - चौखड़िया पारा क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जनता का आशिर्वाद लिया और मतदाताओं से अपील किया कि महापौर पद के लिए मुझे एक बार सेवा का अवसर दें,जिससे शहर की तस्वीर बदल सके।निर्दलीय प्रत्याशी बतौर महापौर पद व वार्ड नं.39 में पार्षद पद पर चुनाव लड़ रहे राजेश गुप्ता चंपू के जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है।

nandgaon times jan-31-4.qxd 1/30/2025 11:56 PM Page 2



# परीक्षाओं में सफलता के लिए आपको समर्पित होना चाहिए : उपपुलिस अधीक्षक नेहा पवार



**अम्बागढ़ चौकी( नांदगांव टाइम्स )।** विजन नि:शुल्क कोचिंग संस्थान टोलागॉव(ब्राहमणभेड़ी) विकास खण्ड अम्बागढ़ चौकी,जिला मोहला,मानपुर, अम्बागढ़ चौकी में नवोदय विद्यायल,प्रयास विद्यायल, एकलव्य विद्यायल एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओ 60 से अधिक विद्यार्थियों का नीलकंठ कोमरे राजू निर्मलकर, किरण मंडवी के मार्गदर्शन में चयनित हो चुके है। विजन नि:शुल्क कोचिंग संस्थान टोलागॉव के बच्चों को परीक्षा की तैयारियां कैसे करे प्रश्न पर उप पुलिस अधीक्षक नेहा पावर ने कहा परीक्षाओं में सफ्लता के लिए समर्पण की आवश्यकता होती है क्योंकि परीक्षाएँ अक्सर उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों के प्रवेश द्वार के रूप में काम करती हैं, जिससे प्रभावी तैयारी आवश्यक हो जाती है और सही रणनीतियों के साथ, छात्र अपनी सीखने की क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं, अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं और परीक्षा के दिन अपने प्रदर्शन को अधिकतम कर सकते हैं. विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए, परीक्षाओं में सफ्लता के लिए समर्पण, अनुशासन और रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है.अश्वनी राठौर थाना प्रभारी अम्बागढ़ चौकी सफ्लता पाने के लिए निरंतर अभ्यास करें सफ्लता पाने के लिए हर छात्र को निरंतर अभ्यास करना चाहिए, यह एक ऐसा आधार है कि अगर आप यहां असफ्ल हो गए तो शायद ही सफ्ल हो पाएं. छात्रों को अलग-अलग तरह के अभ्यास प्रश्न, मॉक टेस्ट और पिछले साल के पेपर हल करते रहना चाहिए. जहां भी आपको अपनी गलती दिखे, उसका विश्लेषण करें, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करें और अपने दृष्टिकोण में लगातार सुधार करें. मार्गदर्शन एवं कैरियर गाइड्स कार्यक्रम में नीलकंठ कोमरे,राजू निर्मल,किरण मंडावी,यशवंत निर्मलकर, भजन लाल साहू,रूपेश्वरी साहू,देवकुमार यादव ,राजेश्वर साहू,राजकुमार छैदैया, राजेंद्र देवांगन,चन्द्रशेखर दमगरे,तुलसी वर्मा,विजय ठाकुर, विजय वैष्णव, अरविंद सिन्हा, कुम्भ लाल साहू, चिन्ता नायक,मनहरण पिथौरा, टीलेश्वरी निषाद ,मीनाक्षी ,देविका,नोमिता, डेमिन, डिम्पल, गिरधर लाल सोनवानी, आदिउपस्थित रहे।

## भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शहीद दिवस पर आज कलेक्टोरेट परिसर में



स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुण्डरदेही सड़क में जानलेवा गड्ढा

### राहगीरो को हो रही परेशानी



**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** गुंडरदेही ग्राम के पास स्थित उमरवाही मार्ग में जानलेवा गड्ढा प्रत्येक राहगीरो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है । प्रत्येक दिन कोई ना कोई राहगीर इस गड्ढे में गिरते जा रहे हैं । यद्यपि अब तक किसी भी राहगीर को इस गड्ढे में गिरने से अब तक कोई शारीरिक क्षति नहीं पहुंची है पर यह गड्ढा जल्दी नहीं भरा गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिससे जान माल का नुकसान होने की संभावना है । विदित हो जल जीवन मिशन के तहत मोगरा बैराज से छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पांगरी पथर्री ,साल्हे, बननवागांव, मोहगांव, जोंधरा, गुण्डरदेही पानी की आपूर्ति की जानी है पर ठेकेदार द्वारा मुख्य मार्ग में पिछले 25 दिनों से गड्ढा खोदकर यूं ही रख दिया गया है। गड्ढा सड़क से जोड़कर खुदा हुआ है सामने तरफ से कोई भी गाड़ी आ रही हो तो उसे साइड दे पाना भी संभव नहीं है चूंकि ठेकेदार द्वारा सड़क के ऊपरी भाग में भी गड्ढा खोदकर रख दिया गया है वहीं सड़क के नीचे भाग में भी । और मजेदार बात यह गड्ढा दांया और बायां दोनों साइड ही खोदा गया है ऐसी स्थिति में राहगीर साइड किधर ले। क्षेत्रीय ग्रामवासियों ने शासन से इसे शीघ्र ही संज्ञान में लेकर पटवाने की अपील की है। पी.डब्ल्यू.डी. मौन - पहले ही उमरवाही मार्ग वीभत्स बना हुआ है ऊपर से सड़क में ही पिछले 25 दिनों से गड्ढे खोदे गए है । बावजूद इसके विभाग का इस मार्ग में संज्ञान ना लेना आश्चर्य का विषय है ।

## नामांकन फार्म जाँच के बाद चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 06 उम्मीदवार आमने सामने

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नामांकन फार्म जाँच के बाद चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 06 उम्मीदवार आमने सामने है तो पार्षद पद के लिए 24 वार्डो में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में आमने सामने है. सर्वाधिक दावेदार वार्ड क्र. 08 में 09 प्रत्याशी आमने सामने है. वार्ड क्र.03 से 07 प्रत्याशी, वार्ड 05 से 06 प्रत्याशी, वार्ड 13 से 05 प्रत्याशी, वार्ड 17 से 05 प्रत्याशी, वार्ड 02 से 04 प्रत्याशी तो वहीं वार्ड क्रमांक 04, 06, 09, 11, 14, 15, 18,19, 20, 21, 22, के वार्डो में तीन- तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने सामने तो वार्ड क्रमांक 01, 07,10,12, 23, 24 के वार्डो में प्रमुख दोनों पार्टी भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में आमने सामने है. अध्यक्ष पद के लिए 06 उम्मीदवार कहने के लिए चुनावी मैदान में आमने सामने है परंतु मुख्य मुकाबला रमन डोंगरे, नलिनी मेश्राम के बीच होता हुआ दिखाई दे रहा है तो भाजपा के बागी प्रत्याशी मुकेश रामटेके और कांग्रेस से इस्तीफा लेकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भारत भूषण मेश्राम यह दोनों प्रत्याशी प्रमुख पार्टी को किस हद तक टक्कर दे पाते है वह आने वाला समय ही बता पायेगा।

## निषाद समाज का बैठक राजनांदगांव में 2 फरवरी को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला निषाद समाज का मासिक बैठक 2 फरवरी 2025 रविवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष दुरुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद व लोकेश निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष छगन लाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है । समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जायेगा । साथ ही श्रीमती दिव्या निषाद लखपति दीदी राष्ट्रपति से सम्मानित ग्राम कुसमी भर्रेगाव जिला राजनांदगांव का जिला संगठन द्वारा सम्मान किया जायेगा । बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है । जिलाध्यक्ष दुरुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया पदाधिकारियों व स्वजातीय बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## पुरुषो को पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को चुनौती देना होगा : नायक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला जेन्डर संवेदनशीलता के सप्तम व अंतिम दिवस मख् जूनय वक्ता के रूप में मीना शर्मा अधिवक्ता जिला एवं सत्र न्यायलय राजनंदगांव, मन्नू लाल नायक अतिथि प्राध्यापक वनस्पति, और रामचंद्र भार्गव अर्थशास्त्री उपस्थित रहे7 व्याख्यानमाला का उद्घाटन डॉ. ए.के. धमगाये प्रभारी पी.एम. उषा ने किया7 अधिवक्ता शर्मा ने अपने वक्तव्य में



जेंडर आधारित हिंसा को विस्तार से परिभाषित करते हुए विभिन्न प्रकार के हिंसा जैसे महिला जननांग विकृति या काटना, यौन तस्करी, घरेलु हिंसा, दुर्व्यवहार, जबरदस्ती, आर्थिक हिंसा और ब्लैकमेल आदि पर प्रकाश डाला और वीमेन हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दिए7 उन्होंने बताया कि जेंडर आधारित हिंसा से शारीरिक चोट, परेशानी और स्वास्थ्य समस्याएं, गंभीर भावनात्मक प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं7 वक्ता मन्नूलाल नायक ने जेंडर संवेदनशीलता में पुरुषों के योगदान पर चर्चा किये7 पुरुष पारंपरिक लिंग भूमिकाओं को चुनौती देकर और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करके लिंग संवेदीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं7 उन्होंने कहा की आज भी सक्षम और आत्मनिर्भर महिलाएं रात्रिकाल में घर से बाहर कार्य में स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है7 समाज के कई मापदंडों के अनुसार अनेक क्षेत्रों में एक स्त्री के साथ किसी पुरुष का संरक्षण आवश्यक होता है वह पिता, भाई, पति या पुत्र हो सकता है7 नायक ने कहा पुरुष एक सहयोगी, मार्गदर्शक बन कर महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करते हुए पुरुष पारंपरिक लिंग भूमिकाओं और रूढ़ियों को चुनौती दे सकते हैं। व्याख्यानमाला की दूसरी कड़ी में वक्ता रामचंद्र भार्गव ने वर्तमान परिपेक्ष्य में च्भारतीय महिलाओं की आर्थिक स्थितिज्ज् विषय पर विस्तार से चर्चा किये7 उन्होंने बताया कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण भारत सरकार की प्राथमिकता है7 सरकार की योजनाओं और महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठन के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता हैं7 जिससे उसकी व्यक्तिगत आय में तेजी से वृद्धि हो सके और अपने परिवार व समाज में उचित स्थान प्राप्त कर सके7 श्री भार्गव ने बताया कि मुख्य रूप से कौशल विकास कार्यक्रम, महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से और बेटी पढाओ बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुरक्षित और सुदृढ़ किया जा सकता है।

# मेंढा में गुहाराज निषाद जंयती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज अर्जुनी क्षेत्रीय स्तरीय एवं पचगईया के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व गुहराज निषाद जंयती समारोह मेढ़ा अर्जुनी में कार्यक्रम आयोजित की गई है ।

समारोह का मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव थे दलेश्वर साहू ने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता, सामाजिक क्षेत्रों में एकरूपता समाज ही देश-प्रदेश को जोड़कर रखने की कला बताते हुए आयोजन समिति को शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया । कार्यक्रम का अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज व विधायक गुंडरदेही ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम से समाज में जागरूकता आती है, समाज विकास की ओर आगे बढ़ता है । बच्चों की शिक्षा को आगे बढ़ाने ट्रेनिंग देने, हॉस्टल सुविधा व शादी विवाह में सहयोग करने तथा सामाजिक गतिविधियां नियमावली के अनुसार समाज का विकास करने, चुनाव का मंत्र, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत का चुनाव में भाग लेकर समाज को राजनीति क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त कर मछुवारा समाज को संगठित करने की बात कही । समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि विशिष्ट अतिथि दुरुपद मुन्ना निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज, हीरा निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव, शमम्मम इंदूमती साहू सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, मोहनीश साहू जनपद



सदस्य, सुशीला निषाद प्रदेश अध्यक्ष, गिरधर निषाद प्रदेश सचिव निषाद समाज, पदमनी निषाद जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रेखा लाल निषाद सरपंच मेढ़ा, लोकेश निषाद जिला उपाध्यक्ष निषाद समाज, चैन कुमार निषाद सोनवानी मीडिया प्रभारी निषाद समाज राजनांदगांव, टीकम निषाद जिला महासचिव निषाद समाज, मीलू राम साहू ग्राम पटेल, दुर्गा निषाद महिला प्रकोष्ठ उपस्थित थे । कार्यक्रम में नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिलाध्यक्ष फ्तेराम निषाद, कोषाध्यक्ष संत राम निषाद सहित पदाधिकारी उपस्थित थे इस अवसर पर आयोजक समिति अर्जुनी क्षेत्रीय अध्यक्ष मौजीराम निषाद, मनीराम निषाद सचिव, शशी कुमार निषाद पंचगहिया अध्यक्ष, अश्वनी कुमार निषाद सचिव, नीलम निषाद ग्राम प्रमुख, ग्रामीण सचिव धनंजय निषाद, बसंत निषाद, तिरथ निषाद, टीकम निषाद सहित क्षेत्र वासियों ने जिला क्षेत्रीय एवं पचगईया पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे । प्रात: सभी क्षेत्रीय पंचगहिया व ग्रामीणों के आगमन के साथ भव्य कलश यात्रा झांकी राम लक्ष्मण सीता मैया और केवट चरण पखारते हुए गांव भ्रमण के साथ आरती पूजा किया । तथा जिलाध्यक्ष दुरुपत मुन्ना निषाद, आयोजक क्षेत्रीय अध्यक्ष मौजी निषाद, सचिव अश्वनी शेरपा सहित पदाधिकारियों ने सामाजिक ध्वजा रोहन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी पंचगहिया पदाधिकारी का स्वागत वंदन अभिनंदन कर मोमेंटो देकर सम्मान किया गया । परिचय सम्मेलन में युवती की संख्या 24 व युवक की संख्या 15 कुल 39 भाई बहन ने सम्मेलन में भाग लिया । बिजेभट्टा व स्थानीय बच्चों का रिकॉर्डिंग डांस6 कार्यक्रम के साथ युवक-युवती ने अपना परिचय दिया ।समारोह में सभी जिला, क्षेत्रीय, पंचगैया ग्रामीण बंधु का स्वागत शाल गमछा व मोमेंटो प्रदान कर किया । साथ में साहू समाज के ग्राम प्रमुख पटेल सहित का सम्मान किया । रात्रि में रामायण का आयोजन किया गया ।

# एनव्हीएम में याद किए गए नेशनल लीडर्स



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर , म ो ह ड . (सी.बी.एस.ई.) के प्री-प्रायमरी विंग द्वारा राष्ट्र नायक-नायिकाओंको याद किया गया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी के मार्गदर्शन में नन्हे मुन्ने बच्चों ने राष्ट्रभक्ति की भावना को अपने अंदाज में स्वर दिया। ग्रेट नेशनल लीडर्स के रूप मेंप्री-प्रायमरी के विद्यार्थियों ने अपनी वेशभूषा और छोटे-छोटे संवादों के ज़रिए मंच को जीत लिया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने इस अवसर पर कहा कि हमारे नेशनल लीड र्सदेश की विभूति हैं। हरदौर की पीढ़ी उनके प्रति कृतज्ञ रहेगी और प्रेरणा हासिल करेगी। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने कहा कि हमारे राष्ट्रनायकों को हमें सदैव अपने हृदय में रखना चाहिए और उनके प्रति हमें कृतज्ञ रहना होगा। प्री-प्रायमरी विंग की इंचार्ज सैयद नूरजहाँ ने बताया कि भारत माता के रूप मे वान्या, नित्या, अलिशा, अनुश्री,प्रिशा और आद्या ने जबरदस्त प्रभाव छोड़ा। झांसी की रानी बनकर नित्या , निष्ठा, त्रयांशिका, प्रिशा, चहक एव प्रांजली न क्रांति की याद दिला दी। शहीदे आजमभगत सिंह बनकर प्रिशारंगारी , अबीर खान व भावी तथा आंबेडकर के रूप मेंउत्कर्ष , भुवन एवं हिमाक्षी सामने आए। योग्या, अभिजीत एवं अर्हन रज़ा नेहरू जी की छवि में खूब जंचे। स्वरा (सरोजनी नायडू), धन्या (इंदिरा गाँधी) एवंभीमांशी ( अहिल्याबाई )व सैनिक के रूप मेंआदविक , अन्वेषा ,रूहानी, दृश्य, अव्यान, तृषा, हेयांश एवंवियांश ने जय हिंद के नारेस पूरे वातावरण को गुंजायमान क रदिया। युग ऋषि स्वामी विवेकानं दबन कर अन्वय साहू, योग्या नायक, अभिजीत पाण्डेय, अयांश सोनी एवं भुवन साहू ने खूब वाह-वाहियाँ बटोरी। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में प्रीति मैम, सुनीता मैम, सोनिका मैम, श्वेता मैम ,शिल्पा मैम एवंला केश्वरी मैम का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी एक विज्ञप्ति मेंव्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राधा राव नेशनल गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ की कोच बनाई गयी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देहरादून में आयोजित 38 वें नेशनल गेम्स में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ 333 बास्केटबॉल टीम की कोच कालवा राधा राव को बनाया गया है । इस गेम्स में छत्तीसगढ़ सहित देश की श्रेष्ठ 8 टीमें भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि राधा राव छत्तीसगढ़ की एकमात्र महिला बास्केटबॉल कोच है जो एन आई एस डिप्लोमा कोच,छत्तीसगढ़ शासन की उत्कृष्ट खिलाडी अवार्ड से सम्मानित ,फीबा डब्ल्यू ए बी सी लेवल वन सर्टीफाइड बास्केटबॉल कोच है। वे स्वयं बास्केटबॉल की अच्छी खिलाडी रही है । उन्होंने कई राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण ,रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किये है । वे खेल कोटे से इस्टर्न रेल्वे में टीई के पद पर भी कार्य कर चुकी है । रेल्वे को त्यागपत्र देने के बाद उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को चयनित कर उचित प्रशिक्षण प्रदान कर उनका जीवन बनाने का अथक प्रयास किया । वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को प्रशिक्षित कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए उन्हें दिल्ली में दिल्ली स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया है । वर्तमान में वे खेलो इंडिया बास्केटबॉल अकादमी की कोच भी है। वे कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच के रूप में भाग ले चुकी है। उन्होंने पेरिस ,कोएशिया,सर्बिया ,आस्ट्रेलिया ,बहरीन ,वियतनाम सहित कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है उनके प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ की टीम ने इंदौर में आयोजित खेलों इंडिया युथ गेम्स में रजत पदक एवं कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण ,रजत एवं कांस्य पदक जीताये है। कालवा राधा राव को छत्तीसगढ़ टीम का कोच बनाये जाने पर दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ,युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के संचालकों ,विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ,खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाईयाँ दी है।

# हमारे ऐतिहासिक पुरातात्विक धरोहर नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक - डॉ. सुचित्रा गुप्ता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत के निर्देशन में और विभागीय शिक्षक अमितेश सोनकर, रेशमी साहु एवं विभा सिंह के साथ पत्रकारिता विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।भ्रमण के तहत छात्रों को छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक स्थल सिरपुर का दर्शन कराया गया । भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और पुरातात्विक धरोहरों की महत्ता से परिचित कराना था । सिरपुर में छात्रों ने प्राचीन लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर, सुरंग टीला, तीवरदेव, बौद्ध विहार जैसे प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया ।



सिरपुर जो की पांचवी छठवीं शताब्दी का प्रसिद्ध पुरातन स्थल है, जहां लगभग 17 सौ साल पहले निर्मित ईटों का लक्ष्मणेश्वर मंदिर , गंधेश्वर महादेव सहित दर्जनों पुरातात्विक महत्व के स्थल है द्य बच्चों के शैक्षणिक एवं अभिव्यक्ति कौशल विकास एवं सामाजिकता एकता, परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ाने, साथ ही साथ बच्चों में आत्म विश्वास जागृत करने के लिए इन स्थलों के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वास्तुकला, संस्कृति और धार्मिक महत्व के बारे में विशेषज्ञ गाइड ने सभी को जानकारी दी । ऐतिहासिक स्थल सिरपुर जो प्राचीन समय में छत्तीसगढ़ की राजधानी हुआ करती थी और आज दिल्ली के ताजमहल के सामान छत्तीसगढ़ में बने लाल ईंटो से निर्मित लक्ष्मण मंदिर जो प्रेम का प्रतिक है इसका इतिहास बहुत ही रोचक है जो की रानी वास्टा देवी ने अपने पति की याद में इस मंदिर का निर्माण कराया । साथ ही पुरातत्विक स्थलों में जाकर प्राचीन मूर्तियों व कलाकृतियों और सुरंग तिला, तिवारी देव, बौद्ध विहार, गन्धेश्वर महादेव से रूबरू हुए । ऐतिहासिक स्थल सिरपुर, धार्मिक स्थल कौशल्या माता मंदिर और प्राकृतिक स्थल बड़े तरिया चौपाटी का आनंद लेते हुए उन स्थलों की विशेषताओं को जानने के बाद विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ पर्यटन स्थलों की रिपोर्टिंग की और साथ ही उन स्थलों की जानकारी को अपने यूट्यूब चैनल इंडिया टुडे न्यूज़ और द ब्लू प्रिंट के माध्यम से लोगों तक पहुँचाने का संकल्प लिया । इस भ्रमण में विभागीय शिक्षक सहित 35 विद्यार्थियों ने पर्यटन स्थलों का लाभ उठाया।

**शुभांक**

**4-6-8**

**690-5 478-9**

**भाग्यांक**

**137-3 234-9**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नथमल जी गिडिया निवासी- हा.नं.247, वार्ड नं. 37, हलवाई लाईन के पास, शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैं अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम नथमल गिडिया रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय व अर्धशासकीय अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम नथमल गिडिया से ही जाना पहचाना जावे।

**नथमल गिडिया**
निवासी- हा.नं.247, वार्ड नं. 37, हलवाई लाईन के पास, शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)
राजस्व मामला क्रमांक 202501093700016
अ-6 वर्ष 2024-25

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार सोनी आ. श्यामसुंदर सोनी, निवासी-ब्राम्हण पारा, वार्ड नं. 37, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला ब्राम्हणपारा स्थित शीट क्रमांक 49 ए. भूखण्ड क्रमांक 9/2, क्षेत्रफल 40.00 वर्गमीटर जो धारक पुष्पाबाई घ.प. श्यामकुंवर सोनी, निवासी-ब्राम्हणपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर दान-पत्र के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 29.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
नजूल जांच,
राजनांदगांव

nandgaon times jan-31-4.qxd 1/30/2025 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के मूल्य में अंतर को क्या कहते हैं?*
*2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला कब रखी थी?*
*3) अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कब मनाया गया?*
*4) जल निर्गम छिद्र किस प्रकार की स्थलाकृति में पाए जाते हैं?*
*5) हाल ही में नासा और किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी दुनिया का पहला लकड़ी का उपग्रह लॉन्च करने के लिए शामिल हुई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) व्यापार संतुलन / शेष (2) 10 दिसंबर 2020 (3) 21 फरवरी (4) चूना क्षेत्र (5) जापान

# अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ब्लॉक प्रिंटिंग कार्यशाला आयोजित की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुरा गांव में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ब्लॉक प्रिंटिंग कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को परंपरागत ब्लॉक प्रिंटिंग कला का प्रशिक्षण देना था, जिससे वे हस्तनिर्मित वस्त्र तैयार कर सतत आजीविका अर्जित कर सकें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता अनुज शर्मा उपस्थित रहीं, जिन्होंने ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन के लिए अस्तित्व फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, महिलाओं को कौशल प्रदान करना सतत विकास की कुंजी है। ऐसे प्रयास न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हैं, बल्कि नए आर्थिक अवसर भी सृजित करते हैं।

इस कार्यशाला में महिलाओं को डिज़ाइन नक्काशी, रंग मिश्रण, और कपड़े पर छपाई की तकनीकों से अवगत कराया गया। अस्तित्व ग्रामीण हस्तशिल्प की मास्टर ट्रेनर, श्रीमती दीपाली नायडू ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें साड़ियों, दुपट्टों और होम डेकोर आइटम्स के लिए नवीन डिजाइन तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। अस्तित्व फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती



अनुपम दीवान ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला उद्यमिता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जिससे प्रशिक्षित महिलाएं अपने उत्पादों को बाज़ार तक पहुंचा सकें और आर्थिक स्थिरता प्राप्त कर सकें। कार्यशाला का समापन महिलाओं द्वारा बनाई गई सुंदर कलाकृतियों के प्रदर्शन के साथ हुआ, जो उनके कौशल और रचनात्मकता का प्रमाण है। इस तरह की और भी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण महिलाएं अपने हस्तशिल्प को व्यवसाय में बदलकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम में श्रीमती सविता चंद्राकर (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, बंगोली) भी उपस्थित रहीं और महिलाओं को आशीर्वाद दिया। कार्यशाला की समन्वयक श्रीमती स्वाति वर्मा थीं।

स्तित्व फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती अनुपम दीवान ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला उद्यमिता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है, जिससे प्रशिक्षित महिलाएं अपने उत्पादों को बाज़ार तक पहुंचा सकें और आर्थिक स्थिरता प्राप्त कर सकें। कार्यशाला का समापन महिलाओं द्वारा बनाई गई सुंदर कलाकृतियों के प्रदर्शन के साथ हुआ, जो उनके कौशल और रचनात्मकता का प्रमाण है। इस तरह की और भी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण महिलाएं अपने हस्तशिल्प को व्यवसाय में बदलकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम में श्रीमती सविता चंद्राकर (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, बंगोली) भी उपस्थित रहीं और महिलाओं को आशीर्वाद दिया। कार्यशाला की समन्वयक श्रीमती स्वाति वर्मा थीं।

## कांग्रेस में मचा हड़कंप

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस के अंदर नगरपालिका चुनाव को लेकर टिकट वितरण को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. टिकट वितरण करते समय जमीनी कार्यकर्ताओं को जिस प्रकार से नजरअंदाज किया गया है उससे आक्रोश फूटने का अंदेशा पूर्व से ही जताया जा रहा था परंतु इतनी जल्दी प्रतिक्रिया सामने आयेगी इसका अंदाज़ा किसी को नहीं था. नामांकन वापसी आज आखिरी दिन है उससे पहले ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की शुरुवात हो चुकी है. कांग्रेस के जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने के कारण वटवृक्ष कांग्रेसी विचलित नजर आ रहे है. इसी का नतीजा है कि दो कार्यकाल तक शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद संभालने वाले पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू को इस्तीफा भेजते हुए अपनी दिल व जज्बात की व्यथा पत्र प्रेषित कर कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू से चर्चा करने के लिए संपर्क किया गया फोन रिसीव नहीं करने के कारण कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई. शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज चौहान से चर्चा करने पर बताया गया कि मैं शहर से बाहर हूँ इस प्रकार का कोई इस्तीफा पत्र हमें प्राप्त नहीं हुआ है. कांग्रेस के अंदर नगर निकाय चुनाव को लेकर जिस प्रकार से शह और मात की खेल खेला जा रहा है वह कांग्रेस कमेटी के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है. आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में पूर्व के दो बार का इतिहास सामने आ जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

## क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में विद्युतकर्मियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं गांधीजी के पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया।



सभा में पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अतुल्यनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारणकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता श्री एस. कंवर, श्री के.सी. खोटे, कार्यापालन अभियंता श्री आर. के. गोस्वामी, सुश्री गीता ठाकुर, सहायक अभियंता श्री जी. एन. देवांगन, श्री हेमराज साहु, श्रीमती उषा साहू, श्रीमती शेषकुमारी साहू, श्री एस. पी. ठाकुर, पीआरओ डी. एस. मंडावी, श्री एस.के. बक्शी, लेखाधिकारी श्री भावेश वाल्दे, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज देवांगन, श्री बी0 एस0 टेकाम, अनुभाग अधिकारी श्री पी.आर.साहू, श्री अमरलाल चौहान सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# 1 एवं 6 फरवरी को प्रशिक्षण कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत प्रथम चक्र में 1 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे से दल क्रमांक 1 से 71 तक के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव तथा दल क्रमांक 72 से 155 तक व रिजर्व का प्रशिक्षण पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में रखा गया है। इसी तरह द्वितीय चक्र प्रशिक्षण में 6 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे से दल क्रमांक 1 से 90 तक के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 का तथा दोपहर 2 बजे से दल क्रमांक 91 से 155 तक व रिजर्व का प्रशिक्षण पीएमश्री सर्वेश्वरदास स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में रखा गया है। इसी तरह नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत 1 फरवरी 2025 को प्रथम चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं 6 फरवरी 2025 को द्वितीय चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को सुबह 10 बजे से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत प्रथम चक्र में 1 फरवरी 2025 को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं 6 फरवरी 2025 को द्वितीय चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को सुबह 10 बजे से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 1 फरवरी 2025 को प्रथम चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं 6 फरवरी 2025 को द्वितीय चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को सुबह 10 बजे से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया, नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत 1 फरवरी 2025 को प्रथम चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं 6 फरवरी 2025 को द्वितीय चक्र में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को सुबह 10 बजे से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह

# सीएमएचओ डॉ आशीष वर्मा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ बोधन पटेल द्वारा लोगो को प्राथमिक उपचार हेतु प्रेरित कर उपचार के तरीके बताये गए



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान त्रिलोक बंसल,के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश कुमार गौतम के दिशा निर्देश में यातायात प्रभारी शक्ति सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक को यातायात शाखा में ड्राइवर संघ के ड्राइवरबंधुओं , सड़क सुरक्षा मितान एवं नव यौवकों को बुलाकर डॉ आशीष वर्मा एवं डॉ बोधन पटेल द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को तो प्राथमिक चिकित्सा के अंतर्गत गोल्डन ऑवर के बारे में समझाया गया द्य सड़क दुर्घटना ग्रस्त लोगों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा कर जान बचाने के तरीक़े बताए गए द्य रोड में बढ़ते एक्सीडेंट मैं होने वाले हादसे से लोगो को बचाने हेतु सहयोग करने की अपील कर जागरूक किया ग। पुलिस सड़क सुरक्षा माह में सीएमएचओ डॉ आशीष वर्मा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ बोधन पटेल द्वारा लोगो को प्राथमिक उपचार हेतु प्रेरित कर उपचार के तरीके बताये गए द्य साथ ही किसी भी व्यक्ति को चाहे वो रोड़ में हो या घर में या किसी भी परिस्थिति अगर उसको प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यकता है। उसके बारे में उन परिस्थितियों के बारे में बताकर गई सी पी आर देना कृत्रिम चार्ज देना और छाती में किस प्रकार से अब करके रखी गई ड्रेस गति को निर्बाध चलाना है उसके श्वास नली को कैसे ठीक रखना आदि के बारे में बता का जागरूक किया गया। यातायात नियम का पालन करने जब आम-जन को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने एवं आम-जन में यातायात नियमो के पालन हेतु यातायात पुलिस खैरागढ़ का अभियान जारी है।

# आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देश पत्र जमा किया और 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया तथा 9 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 48 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है।

जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए वैजन्त्री देवी साण्डे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए चित्रलेखा वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए कविता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए चंद्रिका प्रसाद तिवारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए रमेश कुमार पाण्डेय, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोल के लिए मधुबाला देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए कविता अग्रवाल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए हीरेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए किरण साहू, ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13-पटेवा के लिए वैजंत्रीदेवी सांडे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए शीला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए निर्मला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए जितेन्द्र सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए विष्णु कुमार लोधी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-राका के लिए भावेश सिंह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनी चारभाठा के लिए अश्वनी मंडलोई, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए हिरेन्द्र साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए राजकुमारी सिन्हा ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## उत्तर से शुष्क हवा का आना बंद...ठंड हुई कम : रायपुर सहित कई जिलों में चढ़ा पारा, महासमुंद सबसे गर्म

**रायपुर।** रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में उत्तर से आने वाली हवाओं का आना लगभग बंद हो गया है। इस वजह से ठंड कम हो रही है। पिछले चार दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी जारी है। रायपुर में दिन का तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया है। बुधवार को प्रदेश में सबसे गर्म महासमुंद



रहा। यहां दिन का पारा 32.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे ठंडा बलरामपुर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रहा। आने वाले 4-5 दिनों में मौसम में विशेष बदलाव के आसार नहीं है। मौसम इसी तरह शुष्क (ड्राई) बना रहेगा। इससे ठंड में लगातार कमी आएगी। हालांकि सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में ठंड बनी हुई है। बुधवार को रायपुर में दिन का तापमान 32 डिग्री रिकार्ड किया गया। ये सामान्य से लगभग 4 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ये सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा था।

## धर्म समाचार....

# आ रहे हैं इस तरह के सपने, तो समझिए जल्द पूरा होने वाला है शादी का ख्वाब




स्वप्न शास्त्र में माना गया है कि सपने हमें आने वाले समय के बारे में भी कुछ-न-कुछ जरूर बताते हैं। कुछ सपने व्यक्ति को अच्छे संकेत देते हैं तो वहीं कुछ को अशुभ भी माना जाता है। स्वप्न शास्त्र में कुछ सपनों को लेकर ये कहा गया है कि उनके दिखने पर उस इंसान के घर जल्द शहनाई बजने वाली है।

कई बार हमें कुछ ऐसे सपने आते हैं, जिनका अर्थ समझना मुश्किल होता है। स्वप्न शास्त्र में यह माना गया है कि व्यक्ति के हर सपने का कोई-न-कोई मतलब जरूर होता है। ऐसे में अगर आपको सपने में ये चीजें दिखाई देती हैं, तो इसका मतलब हो सकता है कि आपका शादी का सपना जल्द पूरा हो सकता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि स्वप्न शास्त्र में इसके बारे में क्या कहा गया है।

**जल्द बजेगी शहनाई**

स्वप्न शास्त्र में बताया गया है कि अगर किसी व्यक्ति को सपने में बारात दिखाई देती, तो यह एक शुभ संकेत हो सकता है। इसका मतलब है कि आप बहुत जल्द शादी के बंधनों में बंधने वाले हैं। इसी के साथ अगर कोई व्यक्ति सपने में किसी को अपने प्रेमी के रूप में देखता है, तो यह भी संकेत होता है कि आपको मनपसंद जीवनसाथी मिल सकता है।

**मिलेगा मनपसंद जीवनसाथी**

अगर सपने में आप खुद को अपने प्रेमी के साथ घूमते-फिरते हुए देखते हैं, तो यह सपना भी इस ओर इशारा करता है कि आपके लिए जल्द विवाह के योग बनने वाले हैं। इस सपने का एक अर्थ यह भी है कि आपकी अपने मनपसंद इंसान से शादी हो सकती है।

**क्या है इस सपने का मतलब**

अगर कोई लड़की अपने सपने में किसी लड़के को सेहरा बांधे हुए देखती है, तो यह सपना भी इस बात की ओर इशारा करता है कि आपकी शादी जल्द हो सकती है। वहीं अगर कोई लड़का अपने आपको सेहरा बांधे हुए देखता है, तो इसका अर्थ भी यही है कि वह जल्द विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं।

**बंधेंगे विवाह के बंधन में**

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, अगर किसी लड़की को सपने में कोई लड़का हाथ में फूल लिए हुए दिखाई देता है, तो इसका मतलब माना जाता है कि आपके लिए कोई रिश्ता आ सकता है। वहीं अगर आप सपने में खुद की शादी लव पार्टनर से होते हुए देखते हैं, तो इसका अर्थ है कि आप दोनों जल्द ही विवाह बंधन में बंधने वाले हैं।

## बृहस्पति देव से है पुखराज का संबंध, जानें इससे होने वाले गजब के फायदे

ज्योतिष शास्त्र में माना गया है कि ग्रहों का व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे में अगर आप उस ग्रह से संबंधित रत्न को धारण करते हैं तो इससे आपकी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि पुखराज को धारण करने से आपके जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। रत्न ज्योतिष ज्योतिष शास्त्र का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें प्रत्येक रत्न के लाभ बताए गए हैं। अगर आप एक अच्छे ज्योतिषी की सलाह पर इस रत्नों को धारण करते हैं, तो इससे निश्चित रूप से आपको जीवन में लाभ देखने को मिल सकता है।



लेकिन रत्न धारण करते समय कुछ नियमों का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है, तभी आप इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मिलते हैं ये फायदे**- पुखराज बृहस्पति ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। इस प्रकार इस रत्न को धारण करने से जातक की कुंडली में बृहस्पति ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। साथ ही इससे जातक के लिए सुख-समृद्धि के योग भी बनने लगते हैं। अगर किसी जातक के विवाह में अड़चन आ रही हैं, तो इसके लिए भी उसे पुखराज धारण करने की सलाह दी जाती है। पुखराज रत्न को मुख्य रूप से कुंडली में गुरु ग्रह की स्थिति को मजबूत करने के लिए पहना जाता है। इसी के साथ धनु और मीन राशि के जातकों के लिए भी पुखराज धारण करना शुभ होता है, क्योंकि इन राशियों के ग्रह स्वामी बृहस्पति ही हैं। इस हमेशा सोने की अंगूठी में जड़वाकर ही पहनना चाहिए। साथ ही इसे तर्जनी उंगली में धारण करना ज्यादा अच्छा माना गया है। पुखराज धारण करने से पहले किसी अच्छे ज्योतिष को अपनी कुंडली दिखाने के बाद ही इसे पहनना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि बार-बार इसे न उतारें, वरना इसका प्रभाव कम होने लगता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ बड़े कार्य भी आसानी से होंगे - मधुसूदन यादव

## मधुसूदन यादव का सघन जनसंपर्क शुरू हुआ



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय चुनाव के आगाज के बाद भाजपा द्वारा अब चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महापौर प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने वार्डों में मतदाताओं से सघन जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है । आज बजरंगपुर नवागांव में बजरंगबली मंदिर में दर्शन उपरांत उन्होंने अपने प्रचार अभियान का वार्ड नंबर 1 से शुरुआत किया, एवं वहां उपस्थित पार्षद प्रत्याशी खेमलाल साहू के साथ उन्होंने मतदाताओं से घर-घर संपर्क करते हुवे बड़ी विनम्रता के साथ भाजपा के कमल निशान पर 11 फरवरी को वोट देने का आह्वान किया । तत्पश्चात मधुसूदन यादव वार्ड नंबर 2 में पार्षद प्रत्याशी सावन वर्मा के साथ मतदाताओं से रूबरू हुए और स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त की ।तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 3 पार्षद प्रत्याशी कमलेश बंदे के साथ उन्होंने वार्ड का भ्रमण किया. मतदाताओं से सीधा संपर्क किया और वोट अपील की । देर शाम को मधुसूदन यादव वार्ड क्रमांक 7 और 8 में पार्षद प्रत्याशी तृप्ति पात्रे और मनोहर यादव के साथ रामनगर मोतीपुर एवं शीतला पारा पहुंचे। मतदाताओं के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि राजनांदगांव की जनता उन्हें सेवा का अवसर प्रदान करेगी और वह अपना पूरा ध्यान मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ शहर सवारने और संवर्धन का कार्य करेंगे। इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में डॉ रमन सिंह के साथ मिलकर व्यापक कार्य योजना भी बनाई है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज वार्ड क्रमांक 7 और आठ में कुछ वरिष्ठ बुजुर्गों ने मधुसूदन यादव को पीठ थपथपा कर आशीर्वाद दिया और दुआएं भी दी। वार्ड भ्रमण के दौरान मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, अजीत जैन, राजेंद्र जैन बंटू, जसराज राठौर, फ्रांसिस सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

**मधुसूदन यादव का आज का दौरा-** आज भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव वार्ड क्रमांक 51 हरदी दोपहर 3 बजे पहुंचेंगे, वार्ड क्रमांक 50 सिंगदई दोपहर 4:00 बजे पहुंचेंगे,शाम 5:00 बजे वार्ड नंबर 49 मोहड़ पहुंचेंगे। तत्पश्चात संध्या 6:30 बजे वार्ड नंबर 48 मोहरा के मतदाताओं से संपर्क करेंगे और रात्रि 7:30 बजे वार्ड नंबर 48 नंदई तथा वार्ड नंबर 40 में रात्रि 8:30 बजे पहुंच कर मतदाताओं से संपर्क कर अपनी बात रखेंगे।



# कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता करारा जवाब देगी - खूबचंद पारख

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी वार्ड क्रमांक 37 के कार्यालय उद्घघाटन



पर वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 5 वर्षों में भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जिसके कारण राजनांदगांव के कई विभागों को दुर्ग ले जाया गया। नगर निगम में फंड के अभाव से कर्मचारियों को वेतन तक नसीब नहीं हुआ और राजनांदगांव का पूरा विकास रुक गया। डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज और दिग्विजय स्टेडियम की विशालकाय रचना की गई, गौरव पथ में आदिवासी छात्रावास बनाया गया । जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई, परंतु कांग्रेस सरकार के आते ही राजनांदगांव अंधेरे में रह गया यहां तक की स्ट्रीट लाइट भी नहीं जला करती थी, और अब समय आ गया है कि यहां की जनता ऐसी निकम्मी कांग्रेस को करारा जवाब देकर सबक सिखाएगी। क्योंकि कांग्रेस को यह नहीं जानती थी कि किसी एक पार्टी की सत्ता बपौती नहीं होती। कार्यालय उद्घाटन के समय भाजपा के वारिष्ट नेता एवं जनसध नेता श्री भंवरलाल जी ललवानी, एवं सकल जैन सध के अध्यक्ष श्री मनोज बैद जी भाजपा जिला महामंत्री श्री राजेन्द्र गोलछा जी वर्तमान पार्षद श्री मति मधु बैद जी वार्ड प्रमुख श्री मदन चन्द गोलछा चेंबर आफ कार्मस वारिष्ट श्री विनोद ढढ्डा जी श्री ललित भंसाली श्री नन्दू भुतडा जी बुथ अध्यक्ष मोती रजक ईश्वर साहू प्रथम श्रीश्रीमाल मुदित चितालाग्या मनीष गोलछा उतम गिडिया भोला पारख शैलेश गुप्ता शिवम् लोठा अनिल बैद नरेश बैद सुमीत बैद एवं वार्ड समस्त कार्यकार्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री भागचन्द गिडिया के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन पार्षद प्रत्याशी श्री जैनम बैद व्दारा किया।

## मोखला महोत्सव 1 एवं 2 फरवरी को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम - मोखला (आरला) मे आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 1 एवं 2 फरवरी 2025, शनिवार, रविवार आपको आमंत्रित करते हुये अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे ग्राम मोखला दो दिवसीय मोखला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जय गुरूदेव मानस परिवार, कुरेड़ादादर पं. श्री कामता प्रसाद शरण जी समय दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक, द्वितीय मंच स्वारांजलि जगराता परिवार, खुरसुल समय शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक। 2 फ़रवरी को शारदा मानस परिवार, भरदागोड़ सावित्री जंघेल समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मां चंडी मिंटू पुरन जस झाँकी मंडली, उरला समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक,मां की प्रेरणा जगराता एवं सुआ परिवार धर्मनगरी, आरंग, रायपुर समय शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक होगा।आयोजक समिति आशीर्वाद नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी ने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।



## कुशल सिंह राजपूत बने करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के कुशल नेतृत्व में करनी सेना का लगातार विस्तार हो रहा है। कुशल सिंह राजपूत को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है राजपूत पूर्व में राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुके हैं। उनके कुशल नेतृत्व में करनी सेना का वर्चस्व स्थापित हुआ था।जिसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने राजपूत को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है और 36 कौम की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए समाज के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने के लिए समाज के लोगों को आगे आने की अपील की है ।बहुत जल्द राजनांदगांव, मोहला, खैरागढ़, कवर्धा जिले के जिला अध्यक्ष एवं उनकी कमेटी का गठन किया जाएगा ।



# शहीद दिवस पर निगम में वीर शहीदों को दी गई मौन श्रद्धांजलि

## नशा मुक्ति के लिए आयुक्त ने दिलाया संकल्प, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भरा संकल्प पत्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वीर शहीदो की स्मृति मे निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देकर उनके योगदानो का स्मरण कर नशा मुक्ति के संबंध में शपथ लेकर संकल्प पत्र भरा गया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शासन से प्राप्त निर्देश पर 30 जनवरी को आयुक्त की उपस्थिति में निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीर शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलिअर्पित की। सभागृह में आयोजित श्रद्धांजली सभा में आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा नशामुक्ति के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुये संकल्प पत्र भराया गया। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि अपने छत्तीसगढ को विकसित राज्य बनाने अपने परिवार मेंहर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूँगा। सभा में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके,श्री संजय वर्मा व श्री दीपक खांडे, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र. कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने दिलाया संकल्प

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन नहीं करने, नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कांग्रेस के अंदर नगरपालिका चुनाव को लेकर टिकट वितरण को लेकर भारी आक्रोश

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस के अंदर नगरपालिका चुनाव को लेकर टिकट वितरण को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. टिकट वितरण करते समय जमीनी कार्यकर्ताओं को जिस प्रकार से नजरअंदाज किया गया है उससे आक्रोश फूटने का अंदेशा पूर्व से ही जताया जा रहा था परंतु इतनी जल्दी प्रतिक्रिया सामने आयेगी इसका अंदाज़ा किसी को नहीं था. नामांकन वापसी आज आखिरी दिन है उससे पहले ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की शुरुवात हो चुकी है. कांग्रेस के जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने के कारण वटवृक्ष कांग्रेसी विचलित नजर आ रहे है. इसी का नतीजा है कि दो कार्यकाल तक शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद संभालने वाले पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू को इस्तीफा भेजते हुए अपनी दिल व जज्बात की व्यथा पत्र प्रेषित कर कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू से चर्चा करने के लिए संपर्क किया गया फोन रिसीव नहीं करने के कारण कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो पाई. शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज चौहान से चर्चा करने पर बताया गया कि मैं शहर से बाहर हूँ इस प्रकार का कोई इस्तीफा पत्र हमें प्राप्त नहीं हुआ है. कांग्रेस के अंदर नगर निकाय चुनाव को लेकर जिस प्रकार से शह और मात की खेल खेला जा रहा है वह कांग्रेस कमेटी के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है. आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में पूर्व के दो बार का इतिहास सामने आ जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

## जिला पंचायत में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह एवं जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद दिवस पर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम के तहत किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन नहीं करने, नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।



# करियाटोला डोंगरगांव में फिर से खुलेआम दिन और रात में बिना रॉयल्टी के रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जोरों पर

## पिछले दिनों रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जप्त किया गया थान डोंगरगांव तहसीलदार प्यारेलाल नाग के द्वारा

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव के करियाटोला क्षेत्र में एक बार फिर से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन खुलेआम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि के कारण न केवल प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी हो रही है, बल्कि इससे आसपास के पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। दिन और रात, दोनों वक्तों में अवैध रेत खनन और परिवहन जारी है, और इस पर प्रशासन की कोई प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। रेत के अवैध उत्खनन और उसकी रॉयल्टी के बिना परिवहन के मामले में एक नई दिक्कत यह सामने आ रही है कि स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग इस पर या तो आंखें मूंदे हुए हैं या फिर किसी तरह की कार्रवाई करने में नाकाम हो रहे हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि इस अवैध खनन में कुछ स्थानीय नेता और व्यापारी भी शामिल हैं, जो इस खेल में बिचौलिये की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवैध उत्खनन के कारण आसपास के इलाकों में खनिज संसाधनों की बेतहाशा कमी हो रही है। रेत का अत्यधिक उत्खनन नदियों और नालों के मार्ग को प्रभावित कर रहा है, जिससे जल स्त्रोतों का स्तर घट रहा है और पानी की कमी हो रही है। इसके अलावा, भूमि की कटाई से इलाके में बाढ़ का खतरा भी बढ़ सकता है।



**शिवनाथ नदी में बना दोनों ओर रैम आखिर कैसे...**

रेत के अवैध उत्खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि राज्य सरकार को रॉयल्टी की काफी हानि हो रही है। रॉयल्टी से प्राप्त होने वाली आय का सही तरीके से उपयोग न होने के कारण विकास योजनाओं को भी गंभीर असर पड़ सकता है। यह स्थिति राज्य की खनिज नीति और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से भी चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक प्रशासन सक्रिय नहीं होता, तब तक यह गतिविधियाँ बेरोकटोक चलती रहेंगी। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी रेत के अवैध उत्खनन को रोकने में कोई गंभीर प्रयास नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, अवैध व्यापारियों द्वारा क्षेत्रीय ठेकेदारों के साथ मिलकर रेत के अवैध उत्खनन में शामिल होने की खबरें भी सामने आई हैं। हालांकि, शासन प्रशासन द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इन दिशा-निर्देशों का पालन सही तरीके से नहीं हो रहा है। सख्त निगरानी और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है,

ताकि इस तरह के अवैध गतिविधियों को रोका जा सके और प्रदेश की खनिज संपत्तियों का संरक्षण किया जा सके। अगर प्रशासन इस दिशा में तुरंत कदम नहीं उठाता है, तो यह न केवल राज्य के पर्यावरण के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरे की घंटी हो सकती है। इसलिए, नागरिकों और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदार संगठनों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाना चाहिए और प्रशासन पर दबाव डालना चाहिए ताकि इस तरह के अवैध कार्यों पर रोक लगाई जा सके।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com